## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा

Tel. no.-06341-223812, 8986915300
E-mail- rwdsheikhpura20@gmail.com

पत्रांक 760 /

शेखपुरा, दिनांक 17/06/2021 /

प्रेषक :— कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, शेखपुरा।

सेवामें,

श्री शिव कुमार, (संवेदक)
ग्राम–पिरहिण्डा, पोस्ट–सिकन्दरा,
जिला–जमुई।

विषयः— पथ निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाने के उपरांत गुणवत्ता पूर्ण पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य तीन दिनों के अन्दर पूर्ण करने के संबंध में।

प्रसंगः— एकरारनामा संख्या–05(PM)/2013-14 एवं 04(PM)/2013-14 तथा इस कार्यालय का पत्रांक–632 दिनांक 28.05.2021.

महाशय,

आपके द्वारा प्रमण्डल अन्तर्गत विभिन्न शीर्षों अन्तर्गत एकरारनामा किया गया था, उक्त एकरारनामा के अन्तर्गत पथों के निर्माण के पश्चात् पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य कर पथों को आवागमन हेतु मोटरेबुल रखना है। पथों के मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य यथा–पथों के फलैंक के झाड़ी, तथा पथ में उभरे छोटे बड़े गडढ़े के साथ–साथ पथों में अवस्थित पुल–पुलियों/ह्यूम पाईप का साफ–सफाई का कार्य करने हेतु प्रासंगिक पत्र द्वारा निदेशित किया गया था, परन्तु आज दिनांक 16.06.2021 को संबंधित कनीय अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता द्वारा पथों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आपके द्वारा विषयांकित एकरानामा के तहत एकरारित पथों में अनुरक्षण का कार्य शुरू नहीं किया गया है। विभागीय निदेशानुसार अनुरक्षण कार्य नहीं कराये जाने वाले संवेदकों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एकरारनामा को विखंडित कर विभागीय रूप से कार्य को सम्पादित कराया जाय।

अतः आपको पुनः निदेश है कि पत्र निर्गत की तिथि के तीन दिनों के अन्दर कार्य को शुरू कर दें अन्यथा आपके एकरारनामा को विखंडित कर विभागीय रूप से कार्य को कराया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। साथ ही आपके द्वारा किए जाने वाले किसी भी दावे को मान्य नहीं किया जायेगा।

विश्वासभाजन
17/6/21
कार्यपालक अभियन्ता
ग्रा0का0वि0, कार्य प्रमं0,
शेखपुरा